# 10 किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

## महाराष्ट्र से इंदौर ले जा रहा था

पीथमपुर » दबंग रिपोर्टर



सेक्टर एक थाना पुलिस ने संजय जलाशय के समीप एक व्यक्ति से दस किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया है।

थाना प्रभारी संतोष दूधी ने बताया मुखबिर से सूचना मिली थी की 5 फरवरी को महाराष्ट्र से इंदौर की और अवैध गांजा सप्लाई करने के लिए एक व्यक्ति आ रहा है। इस पर सादी वर्दी में पुलिसकर्मियों को संदिग्ध व्यक्ति पर निगाह रखने के लिए लगाया गया। इसी दौरान एक बिना नंबर की काले रंग की मोटरसाइकल पर एक संदिग्ध व्यक्ति आते दिखा। पुलिस ने आरोपी के संबंध में चौराहे पर तैनात पुलिसकर्मियों को जानकारी देकर आरोपी को गांजे और बाईक सहित पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी पुलिस को देखकर बाइक पलटाने लगा, लेकिन पुलिसकर्मियों आरोपी को पकड़ लिया।

पकड़े गए आरोपी का नाम बापू सिंह पिता सौदान सिंह उम्र 43 वर्ष निवासी धरमपुरी जिला धार बताया गया है। आरोपी बापू सिंह की मोटरसाइकल पर दस किलो से ज्यादा गांजा एक प्लास्टिक की थैली में बंधा हुआ था जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने महाराष्ट्र से माल लाकर इंदौर में राकेश नामक व्यक्ति को देने जाने की बात कबूली। गांजे का बाजार मूल्य लगभग 4 लाख रुपए से अधिक है। पुलिस की एक टीम इंदौर में राकेश नामक व्यक्ति की तलाश में लगी है।

थाना प्रभारी दूधी ने बताया मादक पदार्थ की धरपकड़ में लगी टीम के उप निरीक्षक एनएस डंडोतिया, सहायक उपनिरीक्षक चंद्रशेखर पटेल, सहायक उपनिरीक्षक केके परिहार, प्रधान आरक्षक सूरज तिवारी, महेश यादव, आरक्षक शैलेंद्र भदौरिया, राहुल हिरवे को पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरस्कृत किए जाने की अनुशंसा की गई है।

# पदक विजेता पहलवानों का जुलूस निकाला

## जगह-जगह हुआ स्वागत

महू » दबंग रिपोर्टर



दीपक कौशल के पुत्र ललित कौशल, श्रवण कौशल, पुत्री प्रियांशी कौशल द्वारा कुश्ती प्रतियोगिता में जिला, प्रांतीय, राष्ट्रीय स्तर पर अनेक रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त करने पर राजपूत क्षत्रिय लोधी समाज द्वारा उनके सम्मान में भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होकर हाट मैदान, श्याम विलास चौराहा, मार्केट चौक, कोतवाली चौक, अग्रसेन ड्रीमलैंड चौराहा, फॉरेस्ट ऑफिस, मानक चौक, भोई मोहल्ला होते हुए लुनियापुरा लोधी समाज धर्मशाला पहुंचा। रास्ते में लगे स्वागत मंचों से इन खिलाड़ियों पर पुष्पवर्षा की गई। जगह-जगह पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया। पत्रकार संघ महू ने 2500 रुपए सम्मान निधि के रूप में प्रदान किए।

कार्यक्रम स्नेहभोज के साथ समाप्त हुआ। इस अवसर पर खलीफा बलवंत पहलवान, अमर सिंह खलीफा, महफिज खान खलीफा, अनिल यादव खलीफा, कन्हैयालाल गवइ खलीफा, सोहनलाल कौशल, ईश्वरलाल बनारसी, आकाश कौशल, हरि सिंह झरिया, पप्पू कौशल, ओमप्रकाश कौशल, बब्बू ठेकेदार, रामू भाई, कमल पहलवान, जितेंद्र कौशल, संदीप सोनकर, कोमल कौशल, संदीप पहलवान, गोपाल कौशल, सूरज कौशल, तिलक कौशल, लला कौशल, विजय श्रीवास आदि सहित कई लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। पप्पू यादव रेसलिंग सेंटर एवं राजपूत लोधी समाज द्वारा आभार माना गया।



# आशीष अग्रवाल का सम्मान

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाकर एवं जन-जन तक मीडिया मित्रों के माध्यम से प्रदेश के सभी पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचाने बीजेपी प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल का एमपी प्रेस क्लब के सदस्यों ने मीडिया कार्यालय पहुंचकर आत्मिक सम्मान किया। एमपी प्रेस क्लब के सदस्यों ने कहा कि प्रदेश की आदर्श जनता गरीब जरूरतमंद पात्र व्यक्तियों का कल्याण किया है। मध्यप्रदेश में इसके लिए भाजपा एवं भाजपा मीडिया प्रभारी विशेष धन्यवाद के पात्र है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी का हृदय से स्वागत सम्मान करता है।भाजपा मीडिया प्रभारी का धन्यवाद आभार व्यक्त करता है। एमपी प्रेस क्लब के सदस्यों ने मीडिया ऑफिस पहुंचकर प्रशंसा पत्र देकर आत्मीय सम्मान किया।

# अपर आयुक्त ने आमजन की समस्याएं सुन दिए निराकरण के निर्देश

दबंग रिपोर्टर » ग्वालियर



आमजनों की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जनसुनवाई के तहत आज नगर निगम ग्वालियर में अपर आयुक्त आरके श्रीवास्तव ने आमजनों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई के दौरान उपायुक्त प्रदीप श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में वार्ड 6 सुभाषपुरी घासमंडी निवासी अयोध्या ने शिकायती आवेदन देते अवगत कराया कि भारत यादव द्वारा शासकीय गली में अवैध अतिक्रमण कर बिना अनुमति के किए गए निर्माण कार्य को रूकवाये जाने के संबंध में, वार्ड क्रमांक 5 आनंद नगर निवासी राकेश निगम ने अवगत कराया कि आनंद नगर रोड पर सब्जी मंडी लगने से यातयात अवरूद्ध हो रहा, उक्त मंडी को अन्यन्त स्थापित किए जाने के संबंध में, वार्ड 60 ग्राम मेहरा निवासी मोहन सिंह ने सारिका नगर में मेहरा मौजा में स्थित पंचशील गृह निर्माण सहकारी समिति के पार्क पर अवैध रूप से कब्जा कर बनाये जा रहे मकानों को हटाये जाने के संबंध में अपना आवेदन अपर आयुक्त को दिया। अपर आयुक्त ने सुनवाई करते हुए कुछ समस्याओ का निराकरण त्वरित करते हुए बांकी समस्याओं के निराकरण के लिए संबधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# स्वयं सेवकों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

ग्वालियर। ग्वालियर को स्वच्छ बनाने और युवाओं को स्वच्छता अभियान से जोड़ने के उद्देश्य से नगर निगम ग्वालियर व फेमिली हेल्थ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में शहर की विभिन्न बस्तियों से आये एक सैकड़ा स्वयं संवकों के साथ उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन बालभवन में किया गया। निगम उपायुक्त अमरसत्य गुप्ता एवं संभाग समन्वयक फेमिली हेल्थ इंडिया के विजय मिश्रा व कंसल्टेंट नगर निगम ग्वालियर श्रद्धा शर्मा द्वारा प्रदर्शन व फिल्म के माध्यम से सहभागियों को कचरा व कचरे के प्रबंधन के विषय में जानकारी दी गई। प्रजन्टेशन के माध्यम से सहभागियों को गीला व सूखा कचरा अलग अलग हरे व नीले कचरे दान में डालने के महत्व को बताते हुए कचरे से खाद बनाने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया और सूखे कचरे के पुर्नचक्रण विधी से समाप्त करने व कचरे को कम करने की तकनीकियों से भी स्वयं सेवकों को अवगत कराया।

# कौशल विकास और स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ



महू » दबंग रिपोर्टर

कौशल विकास को बढ़ावा देने हेतु और हस्तकला एवं ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने हेतु राज्यमंत्री ने स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया। कौशल विकास राज्य मंत्री गौतम टेटवाल के मुख्यातिथ्य में जेल के पीछे गुरुजी रविन्द्र शर्मा स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ हुआ।

इस दौरान विधायक उषा ठाकुर, सुरेश सोनी, प्रताप करोसिया, उद्योगपति नितिन अग्रवाल, महाप्रबंधक कॉल इंडिया लिमिटेड रेनू चतुर्वेदी, ग्राम कार्यक्रम आयोजक श्याम पेंनडारकर मुख्य रूप से मौजूद रहे। मंगलवार को कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल सर्वप्रथम महू स्थित डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुंचे। तत्पश्चात उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में युवा खेल आयोग के अध्यक्ष डॉ. निशांत खरे, सूरज केरो, ऋषभ सोलंकी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जैसी श्रद्धा, वैसा ही ज्ञान, वैसा ही पुरुषार्थ होता है : विहसंत सागर



**डबरा।** जीव को ज्ञान के पूर्व सामान्य सत्ता का अवलोकन होता है। जैसी श्रद्धा होती है, वैसा ही ज्ञान होता है। जैसा ज्ञान होता, वैसा पुरुषार्थ होता है, इन्हें जीव को अपने आचरण में उतारना चाहिए। धर्म व ध्यान से आत्मा पवित्र होती है। जीव का कल्याण सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन, सम्यक चरित्र और तप से होता है। यह बात मेडिटेशन गुरु उपाध्याय विहसंत सागर महाराज ने मंगलवार को महावीर पुर स्थित दिगंबर जैसवाल जैन मंदिर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। मंच पर मुनिश्री विश्व सौम्या सागर महाराज भी मौजूद थे।

उपाध्याय श्री ने आगे कहा कि जब तीनों को समान रूप से एकता में पिरोया जाए, तो मोक्ष के भाव तैयार होते हैं। अशुचि भावना में जीव शरीर को पवित्र मानता है, आत्मा को नहीं। बिना धर्म ज्ञान के शरीर का स्वयं अवलोकन करोगे तो स्वयं से घृणा होगी। इसलिए समय का उपयोग करो और पुरुषार्थ करो। पुरुषार्थ अच्छा होगा तो फल भी अच्छा होगा। आत्मा से प्रेम करो, जो पवित्र है। धर्म ध्यान से ही आत्मा पवित्र होती है। पंच इंद्रियों के विषयों में व्यस्त होना नरक के द्वार खोलना है। धर्मात्मा वही है, जो विषम परिस्थितियों में भी धर्म को नहीं छोड़ता।

मुनिश्री के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मेडिटेशन गुरु उपाध्यायश्री का प्रथम उपाध्याय पदारोहण और मुनिश्री विश्व सौम्या सागर महाराज का प्रथम मुनि पदारोहण का कार्यक्रम 11 फरवरी को पंचकल्याणक महोत्सव के दौरान बनाया जायेगा। उपाध्याय पदा 11 फरवरी 2023 को उनके परम गुरु गणचार्य विराग सागर महाराज ने पथरिया जैन तीर्थ पर ग्रहण कराया था। प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि डबरा में 10 से 15 फरवरी तक मेडिटेशन गुरु विहसंत सागर महाराज के सानिध्य में आयोजित होने वाले चंद्रप्रभु जिनबिंब पंच कल्याणक एवं गजरथ महोत्सव को लेकर जैन समुदाय द्वारा अभी से तैयारियां शुरू हो गई है और नगरवासियों में उत्साह का माहौल है।

# मप्र बिजली के निजीकरण और प्रीपेड स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रदर्शन



**ग्वालियर।** मप्र बिजली उपभोक्ता एसोसिएशन ग्वालियर इकाई द्वारा मंगलवार को फूलबाग चौराहे पर बिजली बिल-2022, बिजली के निजीकरण और प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए मप्र बिजली उपभोक्ता संगठन के ग्वालियर जिला अध्यक्ष व कानूनी सलाहकार केके शर्मा ने कहा कि मप्र में पर्याप्त मात्रा में बिजली का उत्पादन होने के बावजूद प्रदेश की गरीब जनता को उसका लाभ नहीं मिल रहा है। बिजली के निजीकरण की नीति के तहत मप्र के बिजली विभाग को अदानी समूह को सौंपा जा रहा है।

जिसके कारण यह आम जनता की पहुंच से दूर हो जाएगी, जबकि पहले से ही आम आदमी महंगाई के बोझ से दबा हुआ है। इसी नीति का परिणाम है कि मप्र सरकार ने घोषणा की है कि लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। आमसभा को संबोधित करते हुए पूर्व कार्यपालक अभियंता बीएल उमराव ने कहा कि बिजली आधुनिक अर्थव्यवस्था व सभ्यता के विकास मुख्यशक्ति और जीवन रेखा है। बिजली आज आम आदमी की मूलभूत जरूरत बन गई है। आजादी के बाद ऊर्जा मंत्री रहे डॉ.भीमराव अंबेडकर ने कहा था देश के औद्योगिकरण और विकास के लिए सस्ती और सुलभ बिजली उपलब्ध करवाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखकर गरीबों, किसानों व आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को विशेषरूप से सब्सिडी उपलब्ध कराई जाती रही है, परन्तु वर्तमान में इंतामम नीतियों के कारण सरकारों के मंसूबों पर सवाल उठता है तथा बिजली बिल- 2022 उसे और अधिक पुख़्ता कर देता है, जबकि देश में इस बिल का विरोध तमाम क्षेत्रों से लगातार किया जा रहा है। बिजली कंपनी के कर्मचारी, किसानों और देश की आम जनता ने विशेष रूप से इसको लेकर अपना विरोध दर्ज करवाया है। प्रदर्शन में रचना अग्रवाल, धीरेंद्र शिवहरे, आरआर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# गौशाला में राशि भेंट



**देपालपुर।** नगर के भामाशाह रहे सुमतिलाल मंडोवरा की पुण्यतिथि पर उनके पुत्र विजय मंडोवरा द्वारा हर बार की तरह इस बार भी 27 हजार रुपए की राशि 24 अवतार मंदिर स्थित गौशाला में गौ सेवा के लिए भेंट की गई। इस दौरान पंडित राजेश शास्त्री, हुकम दादा नागर, मुरलीधर शर्मा, शिव शर्मा, संतोष जोशी, योगेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

### महापौर ने 4 सफाई संरक्षको को सौंपे अनुकंपा नियुक्ति पत्र

ग्वालियर। महापौर डॉ. शोभा सिकरवार ने मंगलवार को नगर निगम के प्रशासनिक भवन में 4 दिवंगत सफाई संरक्षको के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर सभापति मनोज सिंह तोमर, विधायक प्रतिनिधि कृष्ण राव दीक्षित, अशोक वाल्मिक, अपर आयुक्त आरके श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। महापौर द्वारा सफाई संरक्षक सुभाष चौधरी पुत्र स्व. कमल किशोर उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, मोहन पुत्र स्व. श्रीमती मीरा राजेश सफाई संरक्षक, आकाश पुत्र स्व. राजू सफाई संरक्षक एवं गंगाराम पुत्र स्व. प्रेमा बाबूलाल सफाई संरक्षक को अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

# कलेक्टर मंगलवार तड़के पहुंचे थाने, लिया बोर्ड परीक्षाओं का जायजा

दबंग रिपोर्टर » ग्वालियर




बोर्ड परीक्षाएँ सुचिता के साथ सम्पन्न हों इसके लिये प्रशासन और पुलिस ने कमर कस ली है। बोर्ड परीक्षाओं में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसे लेकर कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह सहित जिला प्रशासन के सभी वरिष्ठ अधिकारी प्रातःकाल से ही पुलिस थानों और परीक्षा केन्द्रों पर पहुँच रहे हैं। मंगलवार तड़के कलेक्टर सिंह घर से निकले और विभिन्न पुलिस थानों पर पहुंचकर थानों से परीक्षा केन्द्र तक प्रश्न-पत्र पहुँचाने की प्रक्रिया का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने थानों में सीसीटीवी फुटेज भी देखे। साथ ही यह भी देखा कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा निर्धारित एप पर कलेक्टर प्रतिनिधि थाने और परीक्षा केन्द्र पर सेल्फी अपलोड कर रहे हैं कि नहीं। पुलिस थानों के निरीक्षण के बाद वे परीक्षा केन्द्रों पर भी पहुंचे और वहां का जायजा लिया। मंगलवार की तड़के कलेक्टर श्री सिंह ने पुलिस थाना पड़ाव व इंदरगंज का निरीक्षण कर प्रश्न-पत्र के बॉक्स खोलने व पैकेट प्रदाय करने की प्रक्रिया देखी। साथ ही सेंट पॉल स्कूल, जीवाजी राव उमावि, सनातन धर्म स्कूल एवं शासकीय उमावि कन्या शिंदे की छावनी परीक्षा केन्द्रों में जाकर प्रश्न-पत्र पहुँचने का सत्यापन स्वयं ने किया।

कलेक्टर सिंह ने इस अवसर पर केन्द्राध्यक्षों, कलेक्टर प्रतिनिधियों और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए प्रश्न-पत्र पुलिस थाने से परीक्षा केन्द्र तक पहुंचे। इसमें जरा सी भी ढ़िलाई न हो। थाने से प्रश्न-पत्र के पैकेट प्रदान करने का ब्यौरा पंजी में तिथि, समय व हस्ताक्षर सहित दर्ज किया जाए। कलेक्टर प्रतिनिधि थाने में पहुंचकर सेल्फी लें और उसे एप पर अपलोड करें। इसी तरह परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने के बाद भी सेल्फी लेकर अपलोड की जाएं।

## सिंह ने बच्चों की हौंसला अफजाई की



*निरीक्षण पर स्कूलों में पहुंचे कलेक्टर सिंह ने विद्यार्थियों की हौंसला अफजाई करते हुए विद्यार्थियों के बीच खड़े होकर ग्रुप फोटो खिंचवाई और प्रोत्साहित करते हुए बच्चों से कहा कि परीक्षा को लेकर मन में डर न बैठाएं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आत्मविश्वास व सुकून के साथ अपना प्रश्न-पत्र हल करें। असल में जिंदगी भी एक परीक्षा है। मनुष्य को जीवन में कई प्रकार की परीक्षाएं देनी पड़ती हैं। इसलिए परीक्षाओं को चुनौती के रूप में लें और यदि कभी असफलता हाथ लगे तो परेशान न हों, इसे सबक के रूप में लें और उस कारण को खोजें, जिसकी वजह से असफलता मिली थी। इस तरह हम आगे बढ़ेंगे तो जिंदगी जरूर बेहतर बनेगी।*

Yellow Diamond

**PRATAAP SNACKS LIMITED**

Registered and Corporate Office: Khasra No. 378/2, Nemawar Road, Near Makrand House, Palda, Indore - 452020, Madhya Pradesh, India
Tel: (91 731) 243 9999; Fax: (91 731) 243 7605; CIN: L15311MP2009PLC021746; Website : www.yellowdiamond.in; E-mail: complianceofficer@yellowdiamond.in

**EXTRACT OF UNAUDITED IND AS FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE-MONTHS ENDED 31ST DECEMBER, 2023**

(INR in lakhs except as stated)

| PARTICULARS | QUARTER ENDED | | | NINE-MONTHS ENDED | | YEAR ENDED |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 31.12.2023 Unaudited | 30.09.2023 Unaudited | 31.12.2022 Unaudited | 31.12.2023 Unaudited | 31.12.2022 Unaudited | 31.03.2023 Audited |
| Total revenue from operations | 40,830.62 | 43,370.16 | 42,645.39 | 1,22,982.94 | 1,26,630.94 | 1,65,293.22 |
| Net profit for the period (before Tax, exceptional and/ or extraordinary items) | 1,952.24 | 2,301.62 | 845.83 | 6,050.82 | (211.58) | 151.28 |
| Net profit for the period before tax (after exceptional and/ or extraordinary items) | 1,952.24 | 2,301.62 | 845.83 | 5,954.91 | (211.58) | 151.28 |
| Net profit for the period after tax (after exceptional and/ or extraordinary items) | 1,079.38 | 1,652.44 | 525.28 | 4,074.29 | (129.79) | 2,031.18 |
| Total comprehensive income for the period [comprising profit for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 1,084.13 | 1,666.64 | 523.28 | 4,097.03 | (90.27) | 2,079.15 |
| Paid-up equity share capital - Face value INR 5 each | 1,192.97 | 1,192.97 | 1,172.65 | 1,192.97 | 1,172.65 | 1,172.65 |
| Other equity (as shown in the audited balance sheet of the previous year) | | | | | | 66,450.66 |
| Earnings per share of INR 5 each (Not Annualised) | | | | | | |
| Basic - INR | 4.52 | 6.93 | 2.20 | 17.08 | (0.54) | 8.51 |
| Diluted - INR | 4.51 | 6.92 | 2.20 | 17.06 | (0.54) | 8.51 |

Notes:
1 The above Ind AS financial results of the Company have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 6 February 2024.
2 The Company has determined 'Snacks Food' as the only reportable segment as evaluated by the chief operating decision maker for allocation of resources and for assessing performance. There are no other reportable segments as per Ind AS 108 'Operating Segment'. Accordingly, no separate segment information has been provided.
3 During the nine months ended 31 December 2023, the Company has distributed final dividend of INR 1.00 per equity share amounting to INR 238.60 lakhs as approved by the shareholders in their annual general meeting on 3 August 2023 for the financial year 2022-23.
4 The above is an extract of the detailed format of Unaudited Ind AS Financial Results for the Quarter and Nine-Months ended 31 December 2023, filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of Unaudited Ind AS Financial Results for the Quarter and Nine-Months ended 31 December 2023 are available on the websites of the Stock Exchange(s) (www.nseindia.com and www.bseindia.com) and on the Company's website (www.yellowdiamond.in).

For Prataap Snacks Limited

Place: Indore
Date: 06th February, 2024

Amit Kumat
Managing Director and Chief Executive Officer

ANIL PUB.